राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या–184/2024

राज्यपाल ने श्री ब्रजेश मेहरोत्रा एवं श्री प्रकाश कुमार को <u>राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई</u>

पटना, 12 सितम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्री ब्रजेश मेहरोत्रा एवं श्री प्रकाश कुमार को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलायी।

राजभवन के दरबार हॉल में पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, माननीय ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, माननीय खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, माननीय सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी, राज्य मुख्य सूचना आयुक्त श्री त्रिपुरारी शरण, राज्य सूचना आयुक्त श्री फूलचंद चौधरी, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, वरीय पदाधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

....